**Pollution caused by National Aluminium Company in Orissa**

1610. SHRI BASUDEB MOHAPATRA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the Public Sector National Aluminium Company (NALCO) at Arugul in Orissa is polluting the Bramani River;

(b) if so, what action Government have taken so far in this respect; and

(c) what is the latest report of the State Pollution Control Board in this regard?

THE MINISTER OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI NILAMANI ROUTRAY): (a) The National Aluminium Company (NALCO) has installed the requisite effluent treatment plants and is meeting the standards laid down by the State Pollution Control Board.

(b) Does not arise.

(c) According to the latest report of the State Pollution Control Board, there is no process wastewater from the smelter and the effluents from other sources conform to the standards.

**विश्वायतन योगाश्रम की प्रबंध समिति के विरुद्ध कार्यवाही**

1611. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** 29 मई, 1990 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2216 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से संबंधित 13 अगस्त, 1989 के विज्ञापन के संबंध में विश्वायतन योगाश्रम की प्रबंध समिति के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) क्या इस संबंध में विश्वायतन योगाश्रम के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रधान मंत्री के आवास पर धरना दिया था ; और

(ग) यदि हां, तो उनकी मांग क्या थी और सरकार ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिये क्या कदम उठाये है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) :** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, दिनांक 13-8-1989 के विज्ञापन के संबंध में विश्वायतन योगाश्रम के प्रबंध न्यास के विरुद्ध पुलिस स्टेशन, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली में धारा 420 आई०पी०सी० के तहत दिनांक 1-6-1990 का एक मामला पंजीकृत किया गया है।

(ख) और (ग) सरकार ने प्रधान मंत्री निवास के सम्मुख विश्वायतन योगाश्रम के प्रशिक्षार्थी छात्रों के धरना दिये जाने के आशय की प्रेस की रिपोर्ट को देखा है । छात्रों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैं:—

1. तालाबन्दी के नोटिस को तत्काल वापिस लिया जाय ताकि प्रशिक्षार्थी अपने प्रशिक्षण को पूरा कर सकें।
2. योगा शिक्षक प्रशिक्षण में एक वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम को मान्यता दिलवाई जानी चाहिये ।
3. प्रशिक्षण की शेष अवधि के लिये प्रशिक्षार्थियों से मेस प्रभार की वसूली को रोकना।
4. उस दोषी के विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाई की जाय जिसने पोलिस जी की और प्रशिक्षार्थियों को गुमराह किया।
5. सरकार विश्वायतन योगाश्रम को अपने अधिकार में ले ।

केन्द्रीय योगा अनुसंधान संस्थान (सी०आर०आई०वाई०) के प्रबंध और विश्वायतन योगाश्रम को अपने अधिकार में लेने का प्रश्न सरकार के पास सक्रिय रूप से विचाराधीन है।